# कक्षा 10वी त्रैमासिक परीक्षा 2024--25

## विज्ञान

**कुल प्रश्नो की संख्या :22** **पूर्णांक – 75**

**निर्देश–**

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है।
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है ।
4. प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है ।
5. प्रश्न क्रमांक 21 से 23 के लिए 4 अंक है ।

---

**01. सही विकल्प का चयन कीजिए ।**

(i) कोई विलयन लाल लिटमस को नीला कर देता है इसका PH सम्भवतः होगा –

(a) 1 (b) 4 (c) 4 (d) 10

(ii) मनुष्य में वृक्क एक तंत्र का भाग है वह है –

(a) पोषण (b) श्वसन (c) उत्सर्जन (d) परिवहन

(iii) किसी रासायनिक अभिक्रिया में भाग लेने वाले पदार्थ को कहते है–

(a) अभिकारक (b) उत्पाद (c) अपचापक (d) यौगिक

(iv) लैंस की क्षमता का SI मात्रक होता है–

(a) मीटर (b) सेंटीमीटर (c) डाइऑप्टर (d) मिलीमीटर

(v) निम्नलिखित में से कौनसा क्षारक नही है –

(a) NaOH (b) KOH (c) $C_2H_5OH$ (d) $NH_4OH$

(vi) मास्टर ग्रंथि का नाम है–

(a) पीयुष (b) एड्रीनल (c) अग्नाशय (d) थाइराइड

**02. रिक्त स्थानो की पूर्ति कीजिए ।**

(i) तंत्रिका तंत्र की प्रमुख इकाई .............................. है।

(ii) टमाटर में ..............................अम्ल पाया जाता है।

(iii) मछली के हृदय में केवल ...................... कोष्ठ पाये जाते है।

(iv) टेस्टेस्टेरॉन हार्मोन का स्त्रावण ...................... में होता है।

(v) ...................... क्रियाएं मेड्यूला द्वारा नियन्त्रित होती है।

(v) पारितंत्र में ऊर्जा का प्रवाह सदैव .................. होता है।

**03. सही जोडिया वनाइये ।**

| A | B |
|---|---|
| (i) पलकों का झपकना | एस्ड्रोजन |
| (ii) अपसारी लैंस | अनन्त |
| (iii) उत्तल दर्पण | वायुमंडलीय अपवर्तन |
| (iv) समतल दर्पण की फोकस दूरी | पश्च दृश्य |
| (v) मादा हार्मोन | प्रतिवर्ती क्रिया |
| (vi) तारों का टिमटिमाना | अवतल लैंस |

**04. एक वाक्य में उत्तर लिखिए ।**

(i) लैंस सूत्र लिखिए।

(ii) जब कसी अभिक्रिया में ऑक्सीजन निकलती है तो वह अभिक्रिया कहलाती है।

(iii) विरंजक चूर्ण का सूत्र लिखिए।

(iv) दूर दृष्टि दोष के लिए किस लैंस का प्रयोग किया जाता है।

(v) मानव नेत्र के किस भाग में प्रतिविम्ब वनता है।

(vi) ओजोन परत में छिद्र करने वाले पदार्थ का नाम लिखिए।

https://www.mpboardonline.com

05. सत्य / असत्य लिखिए ।

(i) सलफ्युरिक अम्ल का तनुकरण एक ऊष्माशोषी अभिक्रिया है।

(ii) मनुष्य में दोहर परिसंचरण होता है।

(iii) एक $CH_3OH$ क्षार है क्योंकि इसमें OH उपलब्ध है।

(iv) मस्तिष्क का सोचने वालाभाग पश्च मस्तिष्क है।

(v) अमाशय में HCL अम्ल निकलता है।

(vi) अवतल दर्पण में बने प्रतिबिम्ब सदैव वास्तविक होते है।

06. संयोजन अभिक्रिया से आप क्या समझते है? उदाहरण दीजिए। अथवा

ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया से आप क्या समझते है? उदाहरण दीजिए।

07. वायु में जलाने से पूर्व मेग्नीशियम को साफ क्यों किया जाता है ? अथवा

विकृतगंधिता किसे कहते है ?

08. संतुलित रासायनिक समीकरण किसे कहते है ? अथवा

तेल एवं वसा युक्त खादय पदार्थ को नाइट्रोजन से प्रभावित क्यो किया जाता है ?

09. विस्थापन अभिक्रिया किसे कहते है ? अथवा

लोहे की वस्तुओ को पेंट क्यो किया जाता है?

10. अम्लीय वर्षा किसे कहते है? अथवा

PH स्केल क्या है ?

11. गंधीय सूचक किसे कहते है? अथवा

क्लोर क्षार अभिक्रिया से आप क्या समझते है ?

12. जैव प्रक्रम से आप क्या समझते है ? अथवा

हमारे अमाश्य में अम्ल की क्या भूमिका है ?

13. हम वाहनो में उत्तल दर्पण को पश्च दृश्य दर्पण के रुप में क्यों बरीयता देते है ? अथवा

उस दर्पण की फोकस दूरी ज्ञात कीजिए जिसकी वक्रता त्रिज्या 32 सेमी है ?

14. गोलीय दर्पण किसे कहते है ? यह कितने प्रकार के होते है ? अथवा

अपवर्तनांक से आप क्या समझते है ?

15. पाचन में लार की भूमिका क्या है ? अथवा

स्वपोषी पोषण की परिभाषा लिखिए।

16. समतल दर्पण से बनने वाले प्रतिबिम्ब की विशेषता लिखिए। अथवा

प्रकाश के अपवर्तन से आप क्या समझते है ?

17. पादप हार्मोन आक्सिन के दो कार्य लिखिए। अथवा

पादप हार्मोन जिबरेलिन के दो कार्य लिखिए।

18. कोई अवतल दर्पण अपने सामने 10 सेमी. दूरी पर रखे किसी बिम्ब का 3 गुना आवर्धित वासतविक प्रतिबिम्ब बनाता है प्रतिबिम्ब दर्पण से कितनी दूरी पर है। अथवा

आकाश का रंग नीला क्यो दिखाई देता है?

19. वायवीय एवं अवायवीय श्वसन में तीन अंतर लिखिए। अथवा

हमारे शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी के क्या परिणाम हो सकते है?

20. अम्ल एवं क्षार में तीन अंतर लिखिए। अथवा

धातु के साथ अम्ल की अभिक्रिया होने पर सामान्यतः कौन सी गैस निकलती है एक उदाहरण द्वारा समझाइये । इस गैस की उपस्थिति की जॉच आप कैसे करेंगे।

21. प्लास्टर ऑफ पेरिस का सूत्र लिखकर उसके तीन उपयोग लिखिए। अथवा

PH स्केल का उपयोग लिखिए ।

22. मानव नेत्र का नामांकित चित्र बनाइये। अथवा

दूर दृष्टि दोष किसे कहते है ? उसके कारण व निवारण लिखिए ।

23. पाचन तंत्र का नामांकित चित्र बनाइये । अथवा

प्रतिवर्ती क्रिया किसे कहते है ? प्रतिवर्ती चाप का नामांकित चित्र बनाइये।

https://www.mpboardonline.com